**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**


## हिंदी विश्वविद्यालय में विकसित महाराष्ट्र : समर्थ भारत विषय पर हुआ विशिष्ट व्याख्यान

## विकसित भारत के लिए राष्ट्र हित सर्वोपरि रखें : राहुल सोलापुरकर

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में विकसित भारत@ 2047 व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार 16 नवंबर को 'विकसित महाराष्ट्र : समर्थ भारत' विषय पर सुप्रसिद्ध अभिनेता एवं निर्देशक राहुल सोलापुरकर ने कहा कि समर्थ भारत बनाने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। हमें राष्ट्रहित सर्वोपरि रखकर विकसित महाराष्ट्र और



विकसित भारत बनाने की दिशा में आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का प्राचीन ज्ञान नई पीढ़ी के सामने लाने की जरूरत है। मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इससे महाराष्ट्र और मराठी भाषा का सम्मान हुआ है। उन्होंने पंढरपुर की वारी और 10 दिनों तक चलने वाले गणेश उत्सव को महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा से जोड़ते हुए कहा कि नाटक और सिनेमा ने समाज को नई दिशा की तरफ ले जाने का काम किया है।

ग़ालिब सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र संतों की भूमि है। यहां के अनेक पौराणिक स्थल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध बनाते हैं। कुलपति ने क्हा कि महाराष्ट्र की धड़कन में सांस्कृतिक विरासत बसती है।

---


**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** buddhadassmirge@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

इस दौरान कुलपति प्रोफेसर सिंह ने अभिनेता राहुल सोलापुरकर का सूत माला, अंगवस्त्र, विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह एवं चरखा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रोफेसर आनंद पाटील मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य विकसित भारत @2047 समिति के सहसंयोजक डॉ. राजेश लेहकपुरे ने किया। कार्यक्रम का संचालन अनुवाद अध्ययन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मीरा निचळे ने





किया तथा विकसित भारत @2047 समिति के सदस्य सचिव, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने आभार माना। कार्यक्रम का प्रारंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत से तथा समापन राष्ट्रगान से किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

**हिंदी विश्वविद्यालयात विकसित महाराष्ट्र : समर्थ भारत विषयावर विशिष्ट व्याख्यान**

**विकसित भारतासाठी राष्ट्रहित सर्वपरी ठेवावे : राहुल सोलापूरकर**

महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात विकसित भारत@ 2047 व्याख्यानमालेच्या अंतर्गत शनिवार 16 नोव्हेंबर रोजी 'विकसित महाराष्ट्र : समर्थ भारत' या विषयावर आयोजित विशिष्ट व्याख्यानात सुप्रसिद्ध अभिनेता व निर्देशक राहुल सोलापूरकर म्हणाले की समर्थ भारत बनविण्यासाठी मिळून काम करण्याची गरज आहे. आम्हाला राष्ट्रहित सर्वपरी ठेवून विकसित महाराष्ट्र आणि विकसित भारत बनविण्याच्या दिशेने पुढे आले पाहिजे. ते म्हणाले, भारताचे प्राचीन ज्ञान नव्या पिढीपुढे आणण्याची गरज आहे. मराठी भाषेला अभिजात भाषेचा दर्जा मिळाल्याबद्दल प्रसन्नता व्यक्त करून ते म्हणाले की यामुळे महाराष्ट्र आणि मराठी भाषेचा सन्मान झाला आहे. पंढरपूरची वारी आणि दहा दिवस चालणारा गणेशोत्सव हे महाराष्ट्राच्या समृद्ध सांस्कृतिक परंपरेचे द्योतक होय असे ते म्हणाले. नाटक आणि सिनेमा या माध्यमांनी समाजाला नवी दिशा देण्याचे काम केले आहे. नव्या पिढीने या कलाक्षेत्रात पुढे आले पाहिजे असे आवाहनही सोलापूरकर यांनी केले.

गालिब सभागृहात आयोजित कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलगुरू प्रोफेसर कृष्ण कुमार सिंह होते. ते म्हणाले, महाराष्ट्र ही संतांची भूमी आहे. येथे अनेक पौराणिक स्थळे असून ते भारताच्या समृद्ध सांस्कृतिक ठेव्यात भर घालतात. भारत समृद्ध करण्यात महाराष्ट्राचे विशेष योगदान आहे असेही ते म्हणाले. यावेळी कुलगुरू प्रोफेसर सिंह यांनी अभिनेता राहुल सोलापूरकर यांचे सूत माळा, शाल, विश्वविद्यालयाचे प्रतीक चिन्ह आणि चरखा देऊन स्वागत केले. यावेळी कुलसचिव प्रोफेसर आनन्द पाटील मंचावर उपस्थित होते. कार्यक्रमाचे स्वागत भाषण विकसित भारत@2047 समितीचे सहसंयोजक डॉ. राजेश लेहकपुरे यांनी केले. कार्यक्रमाचे संचालन अनुवाद अध्ययन विभागाच्या सहायक प्रोफेसर डॉ. मीरा निचळे यांनी केले तर विकसित भारत@2047 समितीचे सदस्य सचिव, जनसंपर्क अधिकारी बी एस मिरगे यांनी आभार मानले. कार्यक्रमाची सुरुवात कुलगीताने तर समारोप राष्ट्रगीताने करण्यात आला. यावेळी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी व कर्मचारी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: buddhadassmirge@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305